लोक सभा अध्यक्ष ने भारतीय टीम को जूनियर वर्ल्ड कप हॉकी के फाइनल में बेल्जियम को हराकर वर्ल्ड चैम्पियन का खिताब हासिल करने के लिए बधाई दी

नई दिल्ली, १८ दिसम्बर २०१६: लोक सभा अध्यक्ष श्रीमती सुमित्रा महाजन ने भारतीय टीम को जूनियर वर्ल्ड कप हॉकी के फाइनल में बेल्जियम को हराकर वर्ल्ड चैम्पियन का खिताब हासिल करने के लिए बधाई दी है । अपने सन्देश में श्रीमती महाजन ने कहा "भारत जूनियर हॉकी में विश्व विजेता। आज हमारी युवा टीम ने क्या बढ़िया आक्रामक हॉकी खेली । आकर्षक ट्रैपिंग की। स्टिक वर्क दिखाया। दो फील्ड गोल किए। शानदार तालमेल रहा। बेहद ताकतवर डिफेंस। परिणाम भारत ने बेल्जियम को हराकर ख़िताब जीता। मेरी ओर से टीम के सभी प्लेयर्स और कोच को बधाई ।"